भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1919

मंगलवार, 11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

प्रति व्यक्ति कागज़ की खपत

1919. श्री चरनजीत सिंह चन्नीः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य का संज्ञान लिया है कि देश में प्रति व्यक्ति कागज की खपत वर्तमान में 16 किलोग्राम के निम्न स्तर पर है, जबकि वैश्विक औसत 57 किलोग्राम है;

(ख) यदि हां, तो साक्षरता दर में वृद्धि, संगठित खुदरा व्यापार में वृद्धि, पैकेजिंग की बढ़ती आवश्यकता और समग्र आर्थिक विकास के कारण अनुमानित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, देश में प्रति व्यक्ति कागज की खपत को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार के पास उच्च कागज की खपत से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान से निपटने के लिए कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख): यह तथ्य है कि देश में प्रति व्यक्ति कागज की खपत 16 किलोग्राम है। हालांकि, अन्य बातों के साथ-साथ सतत विकास पर बल देने और एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध जैसे कदमों से, जिनका कागज आधारित पैकेजिंग सामग्री की मांग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, शिक्षा और साक्षरता के स्तर में वृद्धि होने से और इसके परिणामस्वरूप मुद्रित सामग्री की मांग में वृद्धि होने तथा विभिन्न सरकारी पहलों के कारण विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि के फलस्वरूप कागज की मांग में वृद्धि होने से, भविष्य में प्रति व्यक्ति कागज की खपत में वृद्धि होगी।

(ग): कागज़ सबसे अधिक पर्यावरण अनुकूल उत्पादों में से एक है क्योंकि इसे नवीकरणीय और सतत स्वरूप के संसाधनों से बनाया जाता है और इसलिए यह जैविक और रिसाइकल करने योग्य है। इसके अलावा, सरकार ने पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के तहत लुग्दी और कागज़ उद्योग सहित विभिन्न उद्योगों के लिए पर्यावरण मानकों को अधिसूचित किया है। सरकार ने लुग्दी और कागज़ उद्योग से उत्पन्न अपशिष्ट शोधन संयंत्रों (ईटीपी) के स्लज और प्रोसेस स्लज के उपयोग के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी तैयार की है।

*****